an>

Title: Need to develop Nandangarh at Lauriya in Valmiki Nagar Parliamentary Constituency of Bihar as a tourist place and connect it with Buddhist circuit.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): अध्यक्ष महोदया, मुझे आपके द्वारा एक अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर मिला, इसके लिए धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर के लौरिया प्रखंड में स्थित नंदगढ़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। ...(व्यवधान) यह एक प्राचीन स्तूप है। यह एक किलोमीटर के गोलाकार में है। ...(व्यवधान) यहां प्रत्येक साल हजारों की संख्या में विदेशी पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। ...(व्यवधान) यह केन्द्र सरकार द्वारा प्राचीन धरोहर घोषित हुई है। ...(व्यवधान) यह पश्चिमी चंपारण के साथ-साथ बिहार और राष्ट्र की धरोहर है।...(व्यवधान) वाल्कीकि नगर से सटे हुए गया, केसरिया, वैशाली और उत्तर प्रदेश में कुशी नगर को बुद्धा सर्किट में जोड़ा गया है, लेकिन लौरिया को बुद्धा सर्किट में नहीं जोड़ा गया है।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि इसे बुद्ध सर्किट में जोड़कर विकसित करने का उपाय किया जाए। इसे पर्यटन स्थल में पूर्णतया विकसित किया जाए।...(व्यवधान)